Title: Need to accord sanction to the proposal of the Government of Bihar for establishment of an Industrial Development Centre in District Munghyr.

श्री ब्रह्मानन्द मंडल (मुंगेर) : बिहार राज्य के मुंगेर जिला मेरे संसदीय क्षेत्र के अंदर पड़ता है। मुंगेर जिला में औद्योगिक विकास केन्द्र की स्वीकृति के लिए बिहार सरकार ने १९९२-९३ में एक प्रस्ताव केन्द्रीय सरकार के उद्योग विभाग को भेजा था लेकिन इसके बाद से लगातार ६ वर्षों के गुजर जाने के बाद भी अभी तक केन्द्रीय सरकार ने उसकी स्वीकृति नहीं दी है।

मुंगेर प्राचीनतम नगरों में से एक है। आजादी के बाद मुंगेर दिन प्रतिदिन औद्योगिक दृष्टि से पिछड़ता चला गया है। हालत यह है कि सारे कुटीर उद्योग बर्बाद हो गये हैं। कुशल कारीगरों और उद्योग के लिए साधन उपलब्ध रहने के बावजूद उद्योग जर्जर स्थिति में हैं। यदि भारत सरकार औद्योगिक विकास केन्द्र की स्वीकृति दे देगी तो वहां के बेरोजगार युवक प्रशिक्षण ले सकेंगे और कुटीर उद्योगों का विकास किया जा सकेगा।

अतः मैं उद्योग मंत्री से मांग करता हूं कि बिहार के मुंगेर जिला में औद्योगिक विकास केन्द्र की स्थापना के लिए स्वीकृति प्रदान करें जिससे जिले के विकास की गति तेज हो।